
# वरिष्ठ अध्यापक भर्ती पेपर लीक : 29 अभ्यर्थियों को पेपर पढ़ाने वाले गिरोह का सदस्य गिरफ्तार

## तीन ठिकानों पर 47 लाख रुपए लेकर लीक प्रश्न पत्र पढ़ाने और हल करवाने का आरोप

**-कार्यालय संवाददाता-**

**जयपुर** । स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने वरिष्ठ अध्यापक भर्ती परीक्षा-2022 के पेपर लीक मामले में कार्रवाई करते हुए संगठित गिरोह के सक्रिय सदस्य विनोद कुमार जाट उर्फ विनोद रेवाड़ निवासी रेनवाल जयपुर ग्रामीण जिला को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर 29 अभ्यर्थियों से लाखों रुपए वसूलकर परीक्षा से पहले लीक हुआ प्रश्नपत्र पढ़ाने और हल करवाने का आरोप है।

इस मामले में राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी), अजमेर के तत्कालीन सदस्य बाबूलाल कटारा सहित अब तक कुल 70 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। एसओजी के अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस विशाल बंसल ने बताया कि इस मामले में पहले गिरफ्तार अनिल कुमार मीणा उर्फ शेर सिंह मीणा ने लीक प्रश्नपत्र की एक प्रति अरुण शर्मा उर्फ राजेंद्र शर्मा को उपलब्ध करवाई थी।



आरोपी विनोद कुमार जाट

- **इस प्रकरण में एस.ओ.जी. अब तक 70 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है**

इसके बाद अरुण शर्मा ने विनोद कुमार जाट की ओर से लाए गए 29 अभ्यर्थियों को तीन अलग-अलग स्थानों पर अवैध राशि लेकर प्रश्नपत्र पढ़ाया और हल करवाया था।

जांच में सामने आया कि रेवासा स्थित मिल्खा डिफेंस एकेडमी में 13 अभ्यर्थियों से 25 लाख रुपए लेकर प्रश्नपत्र पढ़ाया गया। वहीं जयपुर के बैनाड स्थित पूरण विहार कॉलोनी के एक किराये के मकान में नौ अभ्यर्थियों से 18 लाख रुपए लेकर प्रश्नपत्र हल करवाया गया।

इसके अलावा कालवाड़ रोड स्थित हाथोज बस स्टैंड के पास एक कंप्यूटर संस्थान में सात अभ्यर्थियों से 14 लाख रुपए वसूलकर परीक्षा से पहले लीक प्रश्नपत्र उपलब्ध कराया गया। इस तरह तीनों स्थानों पर कुल 29 अभ्यर्थियों से 57 लाख रुपए वसूलने की बात सामने आई है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रकाश कुमार शर्मा ने बताया कि विनोद कुमार जाट के खिलाफ धोखाधड़ी और राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम के अध्युपाय) अधिनियम, 2022 के तहत अपराध प्रमाणित पाए जाने पर गिरफ्तार किया गया। अदालत ने आरोपी को 20 अक्टूबर तक पुलिस अभिरक्षा में भेजने के आदेश दिए हैं। एसओजी आरोपी से पूछताछ कर मामले में आगे की जांच कर रही है।

गौरतलब है कि 23 दिसंबर 2022 की देर रात उदयपुर जिले के बेकरिया थाना क्षेत्र में नाकाबंदी के दौरान पुलिस ने एक बस को रुकवाया था। बस में मूल अभ्यर्थियों और डमी अभ्यर्थियों के साथ हल प्रश्नपत्र भी मिला था।

इसके बाद बेकरिया थाने में मामला दर्ज किया गया और जांच के दौरान पेपर लीक से जुड़े संगठित गिरोह का खुलासा हुआ। एसओजी इस मामले में अनिल कुमार मीणा उर्फ शेर सिंह मीणा, भूपेंद्र सारण, सुरेश कुमार सऊ और आरपीएससी के तत्कालीन सदस्य बाबूलाल कटारा सहित अब तक 70 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है।

# जयपुर चारदीवारी में 19 अक्टूबर से क्यूआर कोड वाले 132 ई-रिक्शा चलेंगे

**-कार्यालय संवाददाता-**

**जयपुर** । चारदीवारी क्षेत्र में ई-रिक्शा के संचालन को व्यवस्थित करने के लिए यातायात पुलिस ने डिजिटल प्रबंधन व्यवस्था लागू की है। इसके तहत 19 अक्टूबर से केवल क्यूआर कोड लगे अधिकृत ई-रिक्शा ही चारदीवारी क्षेत्र में चल सकेंगे। ऑनलाइन आवेदनों की जांच के बाद 132 ई-रिक्शा का पंजीकरण सही पाया गया है। यातायात पुलिस के अनुसार बिना क्यूआर कोड वाले ई-रिक्शा के संचालन पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस उपायुक्त यातायात प्रवीण नायक नूनावत ने बताया कि पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल के निर्देश पर यातायात व्यवस्था सुचारू बनाने और दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए यह कदम उठाया गया है। चारदीवारी क्षेत्र को जोन-7 मानते हुए पांच उप-जोन 7ए, 7बी, 7सी, 7डी और 7ई में बांटा गया है। प्रत्येक उप-जोन में 50 ई-रिक्शा के संचालन का प्रावधान है। इस प्रकार कुल 250 ई-रिक्शा की क्षमता निर्धारित की गई है, जबकि जांच में अभी 132 ई-रिक्शा के आवेदन सही पाए गए हैं। नूनावत ने बताया कि निर्धारित उप-जोन में संजय सर्किल, माउंट रोड, गणगौरी बाजार, छोटी चौपड़, चांदपोल बाजार, अजमेरी गेट, त्रिपोलिया बाजार, चौड़ा रास्ता, जौहरी बाजार, बापू बाजार, रामगंज बाजार, घाट बाजार, हवामहल बाजार, गोविंद देवजी, जंतर-मंतर, सिटी पैलेस और चार दरवाजा सहित चारदीवारी के प्रमुख बाजार व पर्यटन स्थल शामिल हैं। ई-रिक्शा चालकों से आवश्यक दस्तावेजों के साथ ऑनलाइन पंजीकरण कराने की अपील की गई है। इसके लिए यातायात पुलिस की वेबसाइट या ई-रिक्शा ऐप के माध्यम से आवेदन किया जा सकता है।

- **पांच उप-जोन में संचालन की व्यवस्था, बिना पंजीकरण वाले ई-रिक्शा पर कार्रवाई होगी**

# '200 नई विज्ञापन साइट्स बनाकर 40 करोड़ रु. कमाएगा नगर निगम'

## परिसीमन के बाद जयपुर शहर का दायरा बढ़ने का मिलेगा फायदा

**-कार्यालय संवाददाता-**

**जयपुर** । नगर निगम पर आने वाले समय में धन लक्ष्मी की मेहर होगी। नए परिसीमन में शामिल इलाकों में नगर निगम, आमजन और व्यापारियों के लिए 200 से अधिक नई विज्ञापन साइट बनाएगी। इन विज्ञापन साइट्स से निगम को करीब 40 करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व मिलेगा।

सूत्रों के मुताबिक, नगर निगम प्रशासन के लिए नई साइट्स के लिए जगह चिन्हित कर ली है और दीपावली से पहले यहां पर विज्ञापन साइट तैयार कर दी जाएगी। इसके बाद आमजन और व्यापारी यहां पर अपने विज्ञापन निगम को निर्धारित शुल्क देकर लगा सकेंगे। एक विज्ञापन साइट के लिए 20 लाख रुपये में एक माह के लिए आमजन या व्यापारियों को मिल सकेंगी। हालांकि विकास कार्यों सहित अन्य खर्चों के लिए नगर निगम जयपुर हमेशा से ही सरकार पर निर्भर रहा है, जबकि दूसरे राज्यों में निगम के राजस्व के स्वयं के स्त्रोत बना रखे है। परंतु जयपुर नगर निगम सहित प्रदेश की अन्य नगर निकाय इस मामले में पूरी तरह से पिछडे हुए है। इस दिशा में नगर निगम सहित अन्य नगर निकायों को काम करने की जरुरत है और सरकार को भी इन संस्थानों को आत्मनिर्भर बनने की दिशा में छूट देने की जरुरत है। राजस्व उपायुक्त प्रथम नवीन कुमार ने बताया कि परिसीमन के बाद शामिल इलाकों में निगम की नई विज्ञापन साइट्स बनाई जा रही है। यहां पर करीब 200 विज्ञापन साइट बनेगी। इससे निगम को अच्छा राजस्व मिलेगा।

# अशोक गहलोत ने जनता के काम छोड़कर सरकार बचाने के लिए होटल में महीने बिताए थे : पटेल

**जयपुर** (कासं)। संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बीकानेर में दिए गए बयान पर पलटवार करते हुए कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की बैठकों और दौरों पर टिप्पणी करने के बजाय अपने शासनकाल में विकास और जनसुविधाओं के लिए किए गए ठोस और दूरगामी कार्यों का हिसाब दें। पटेल ने कहा कि प्रशासनिक समीक्षा, अधिकारियों की जवाबदेही तय करना और विकास कार्यों की प्रगति की निगरानी सुशासन का अभिन्न हिस्सा हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा इसी उद्देश्य से बैठकें और दौरे कर रहे हैं। उन्होंने गहलोत पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें जनता के हितों से कोई सरोकार नहीं था। जनता के काम करने के बजाय सरकार बचाने के लिए वे महीनों तक होटलों में बैठे रहे और विधायकों की खरीद-फरोख्त की राजनीति की। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका केवल आरोप लगाना नहीं, बल्कि रचनात्मक सुझाव देना भी है। निकाय चुनाव, परिसीमन और प्रशासनिक व्यवस्थाओं को लेकर कांग्रेस के पास कोई तथ्यात्मक शिकायत है तो उसे संवैधानिक और कानूनी प्रक्रिया के तहत प्रस्तुत करें। बिना प्रमाण पूरे प्रशासन और पुलिस व्यवस्था पर आरोप लगाने से जनता का भला नहीं होगा। कांग्रेस यह राजनीति छोड़कर सकारात्मक भूमिका निभाएं।

- **संसदीय कार्य मंत्री डॉ. जोगाराम पटेल ने पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत पर पलटवार किया**
- **पटेल बोले, ''कांग्रेस निराधार आरोपों की राजनीति छोड़कर विकास में सकारात्मक भूमिका निभाएं''**

## सार-समाचार

### त्योहारी सीजन में अलर्ट हुई पुलिस



**जयपुर** । आगामी पर्व-त्योहारों के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने, अपराध नियंत्रण और आमजन में सुरक्षा की भावना मजबूत करने के उद्देश्य से राजस्थान पुलिस ने मंगलवार को प्रदेशभर में विशेष रूट मार्च किया। पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा के निर्देश पर सभी जिलों में प्रमुख मार्गों, बाजारों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पुलिस बल की सक्रिय मौजूदगी सुनिश्चित की गई। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, कानून एवं व्यवस्था वीके सिंह ने सभी पुलिस अधीक्षकों को शाम 7 से 10 बजे के बीच अपने-अपने क्षेत्रों में रूट मार्च निकालने के निर्देश दिए थे। इसके तहत वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों ने प्रमुख बाजारों और व्यस्त मार्गों पर पैदल मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इसका उद्देश्य असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखने, अपराधियों में कानून का भय बनाए रखने और आमजन में विश्वास कायम करना रहा। जयपुर में जवाहर सर्किल थाना क्षेत्र के गौरव टावर से डब्ल्यूटीपी और गिरधर मार्ग के आसपास के भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में शाम 7 से 8 बजे तक रूट मार्च किया गया। एडीसीपी पूर्व पारस जैन और एसीपी मालवीय नगर शिवदयाल के नेतृत्व में निकाले गए मार्च में जवाहर सर्किल और मालवीय नगर थानों के अधिकारी एवं पुलिसकर्मी शामिल हुए। माइक और जेब्रा सहित करीब 40 महिला एवं पुरुष पुलिसकर्मियों ने मार्च में भाग लिया। इसी क्रम में जयपुर दक्षिण क्षेत्र के मानसरोवर में थड़ी मार्केट से सिटी पार्क तक पैदल मार्च निकाला गया। पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण राजर्षि राज, एडीसीपी ललित किशोर शर्मा और एसीपी हेमेन्द्र शर्मा सहित संबंधित थाना अधिकारियों के निर्देशन में पुलिसकर्मियों ने क्षेत्र में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। एडीजी वीके सिंह ने कहा कि राजस्थान पुलिस अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। आगामी पर्व-त्योहारों के दौरान शांति, सौहार्द और सुरक्षित वातावरण बनाए रखने के लिए पुलिस की सतर्कता एवं निगरानी बढ़ाई जा रही है।

### युवतियों से अभद्रता करने वाले 4 गिरफ्तार

**जयपुर** । नवरात्र महोत्सव के दौरान महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा के लिए जयपुर पुलिस की कालिका पेट्रोलिंग यूनिट सक्रिय है। गरबा-डांडिया आयोजनों में युवतियों से अभद्रता, अशोभनीय टिप्पणियां करने और हंगामा करने के मामलों में पुलिस ने चार युवकों को गिरफ्तार किया है। इनमें तीन को विद्याधर नगर स्टेडियम और एक को स्वर्ण जयंती पार्क से पकड़ा गया। पुलिस उपायुक्त अनुष्ठा के अनुसार विद्याधर नगर स्टेडियम में आयोजित गरबा कार्यक्रम के दौरान ड्यूटी पर तैनात कालिका पेट्रोलिंग यूनिट की टीम ने युवतियों पर अशोभनीय टिप्पणियाँ करने वाले तीन युवकों को पकड़ा। विरोध करने पर आरोपियों ने पुलिसकर्मियों से उलझने और धमकी देने का प्रयास किया। इसके बाद नमन पारीक (23), निवासी सुभाष कॉलोनी, शास्त्री नगर, प्रणय दुबे (21) निवासी विद्याधर नगर और विक्रम तंवर (33) निवासी कोटपूतली-बहरोड़ हाल वीकेआई, जयपुर को गिरफ्तार किया गया। इसी तरह स्वर्ण जयंती पार्क में श्रीराम टीला कच्ची बस्ती की महिलाओं की ओर से आयोजित गरबा कार्यक्रम में अभद्रता की शिकायत पर कालिका पेट्रोलिंग यूनिट की टीम ने कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार महिलाओं को परेशान करने, अशोभनीय इशारे करने और गाली-गलौज करने वाले युवक को समझाइश के बावजूद व्यवहार नहीं सुधारने और धमकी देने परअतीक खान (28) निवासी भट्टा बस्ती जयपुर पकड़ा है।

### फ्लिपकार्ट मिनट्स स्टोर में मिलीं खामियां

**जयपुर** (कासं)। राज्यभर में चल रहे ''शुद्ध आहार-मिलावट पर वार'' अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा विभाग के केंद्रीय दल तथा जयपुर-प्रथम और जयपुर-द्वितीय की टीमों ने मिठाई की दुकानों, दूध-पनीर विक्रेताओं और डार्क स्टोर का निरीक्षण किया। शिकायत पर सांगानेर स्थित फ्लिपकार्ट मिनट्स डार्क स्टोर के निरीक्षण में चिलर कक्ष में गंदगी, खराब भंडारण व्यवस्था, क्षितग्रस्त पैकेट और कुछ उत्पादों की सामग्री सूची पर बारकोड स्टीकर लगे मिले। टीम ने क्षितग्रस्त पैकेजिंग वाले उत्पाद नष्ट करवाए तथा रिच देसी घी और सुरभि टोमेटो कैचअप के नमूने लिए। प्रबंधन को स्वच्छता, सुरक्षित भंडारण और सही लेबलिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जयपुर-प्रथम की टीम ने रावत मिष्ठान भंडार से मावा मिठाई, अखरोट बर्फ, मक्खन बड़ा, खाद्य तेल और समोसे के नमूने लिए। वैशाली नगर में दूध भंडारों और जयपुर पनीर प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। जयपुर-द्वितीय की टीम ने मोहननी इंडस्ट्रीज से बेसन और आटा, जेप्टो डार्क स्टोर से सरस घी एवं बेसन के लड्डू, सोडाणी स्वीट्स से इमरती, रघुनंदन स्वीट्स से मावा मिठाई और श्याम एंड कंपनी से घी के नमूने लिए। राजवाड़ी कचौरी से प्रयुक्त खाद्य तेल तथा आइस स्पाइस से पैटीज का नमूना भी लिया गया। पैकेजिंग संबंधी कमियों पर सुधार नोटिस जारी किया जायेगा।

### एकता रैली का जयपुर में स्वागत

**जयपुर** । जम्मू-कश्मीर से शुरू हुई एकता रैली के जयपुर पहुंचने पर आरयूएचएस डेंटल कॉलेज एवं अस्पताल में उत्साह के साथ स्वागत किया गया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मनोज अग्रवाल के नेतृत्व में स्वागत समारोह, फीता काटने की रस्म और बाइक रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. शाहिना परवेज, डॉ. ललित लिखियानी, डॉ. मोहित, डॉ. रत्नेश जायसवाल और डॉ. वंदना मौजूद रहे। रैली को जम्मू-कश्मीर से डॉ. शमीम अंजुम, डॉ. अजय गुप्ता और डॉ. रचना धानी सिंह तथा दिल्ली से डॉ. पन्ना मंगत जयपुर लेकर आए। रैली की थीम 'एक राष्ट्र, एक यात्रा और एक संघ' है। इसका उद्देश्य समाज और आमजन में जागरूकता बढ़ाने के साथ दंत चिकित्सा जगत में एकता और आपसी सहयोग को प्रोत्साहित करना है।

# शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर पुलिस की सख्ती

## 2 दिन में 189 कार्रवाई करते हुए वाहन जब्त किए, लाइसेंस भी निलंबित कराने की तैयारी

**जयपुर** । सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और शहर में सुरक्षित यातायात सुनिश्चित करने के लिए जयपुर यातायात पुलिस ने शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया है। अभियान के तहत सप्ताहांत में दो दिन के दौरान 189 कार्रवाई कर संबंधित वाहनों को जब्त किया गया।



पुलिस उपायुक्त यातायात प्रवीण नायक नूनावत ने बताया कि पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल के निर्देश और अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर (यातायात एवं प्रशासन) प्रदीप मोहन शर्मा के निर्देशन में यह अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत यातायात नियमों का उल्लंघन करने और शराब पीकर वाहन चलाकर दूसरों की जान जोखिम में डालने वाले चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि दर्ज प्रकरणों में इस्तगासे संबंधित न्यायालयों में भेजे जा रहे हैं। साथ ही, दोषी वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित कराने के लिए परिवहन विभाग को प्रस्ताव भेजे जाएंगे। यातायात पुलिस के अनुसार, शराब पीकर वाहन चलाना गंभीर यातायात उल्लंघन है। इससे न केवल चालक, बल्कि सड़क पर चलने वाले अन्य लोगों की जान भी खतरे में पड़ती है। पुलिस ने स्पष्ट किया कि विशेष अभियान आगे भी जारी रहेगा। यातायात पुलिस ने आमजन से अपील की है कि शराब का सेवन करने के बाद किसी भी परिस्थिति में वाहन न चलाएं। स्वयं और दूसरों की सुरक्षा के लिए यातायात नियमों का पालन करें तथा पुलिस का सहयोग करें।

# कैफे में चल रहे अवैध हुक्का बार पर छापा

**जयपुर** । जयपुर पुलिस कमिश्नरेट की श्याम नगर पुलिस और जिला स्पेशल टीम (डीएसटी) ने श्याम नगर इलाके में कार्रवाई करते हुए कथित अवैध हुक्का बार का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने जनपथ स्थित हैरो कैफे पर छापा मारकर हुक्का पीने में इस्तेमाल होने वाली सामग्री जब्त की और कैफे मैनेजर आफ्ताब को गिरफ्तार किया। मौके पर हुक्का पी रहे 11 युवकों के कोटपा अधिनियम के तहत चालान काटकर 2 हजार 200 रुपए वसूले गए। पुलिस उपायुक्त राजर्षि राज ने बताया कि श्यामनगर थानाधिकारी हरि सिंह तथा डीएसटी प्रभारी विशम्भरदयाल के नेतृत्व में टीम गठित की गई थी। मुखबिर से सूचना मिली थी कि श्यामनगर के जनपथ स्थित प्लॉट नंबर डी-88 में संचालित हैरो कैफे में ग्राहकों को अवैध रूप से हुक्का पिलाया जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने कैफे पर दबिश दी। वहां कई लोग फ्लेवर्ड हुक्का पीते मिले। तलाशी के दौरान पुलिस ने 21 हुक्के, 23 चिलम, 25 पाइप और विभिन्न प्रकार के तंबाकूयुक्त फ्लेवर के डिब्बे जब्त किए। पुलिस ने मैनेजर आफ्ताब (27) निवासी टोंक हाल श्यामनगर को गिरफ्तार किया है।

# जोबनेर की खदान में पत्थर ढहे, दो मजदूर मलबे में दबे

## बंधे के बालाजी के पास महेशवास गांव में पत्थर तोड़ने के लिए किया गया था ब्लास्ट

**-कार्यालय संवाददाता-**

**जयपुर** । जयपुर जिले के जोबनेर क्षेत्र में मंगलवार शाम पत्थर की खदान में बड़ा हादसा हो गया। बंधे के बालाजी के पास महेशवास गांव में पत्थर तोड़ने के लिए किए गए ब्लास्ट के बाद पहाड़ी से पत्थर ढहकर नीचे काम कर रहे दो मजदूरों पर गिर गए। हादसे में दोनों मजदूर पत्थरों के नीचे दब गए। सूचना पर पहुंची पुलिस और प्रशासन की टीम ने राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। एक मजदूर को सुरक्षित निकाल लिया गया, जबकि दूसरे की तलाश में देर रात तक अभियान जारी रहा। समाचार लिखे जाने तक सर्च अभियान जारी था।

जयपुर ग्रामीण एसपी हनुमान प्रसाद के अनुसार इस हादसे में 27 वर्षीय दुर्गेश जायसवाल को पत्थरों के नीचे से सुरक्षित निकाल लिया गया। उसे उपचार के लिए भिजवाया गया। वहीं, दूसरे मजदूर फत्तेलाल यादव की तलाश की जा रही है।

हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। जोबनेर थानाधिकारी मोतीलाल शर्मा और सांभर उपखंड अधिकारी ऋषिराज कपिल ने मौके पर पहुंचकर बचाव कार्य की निगरानी की। पत्थरों को हटाने के लिए जेसीबी और पोकलेन मशीनों की मदद ली गई। इसके अलावा एसडीआरएफ और सिविल डिफेंस की टीमों को भी मौके पर बुलाया गया। टीमें मलबे में दबे दूसरे मजदूर को निकालने के प्रयास में जुटी रहीं।

इधर हादसे के बाद ग्रामीणों में रोष व्याप्त हो गया। ग्रामीणों ने पहाड़ी से पत्थर तोड़ने के लिए अवैध रूप से ब्लास्टिंग किए जाने का आरोप लगाते हुए क्षेत्र में अवैध खनन पर प्रभावी अंकुश लगाने की मांग की।

वहीं, पुलिस प्रशासन का कहना है कि खदान के परमिट और खनन की वैधता की जांच की जा रही है। हादसे के कारणों और ग्रामीणों के आरोपों की जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

- **हादसे के बाद मलबे में दबे एक मजदूर को बचाया, दूसरे की तलाश जारी**

# स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : गायत्री राठौड़

**जयपुर** (कासं)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। आमजन को समय पर गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए नियमित निरीक्षण और व्यवस्थाओं की निगरानी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की।

राठौड़ ने मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए डेंगू और स्क्रब टाइफस नियंत्रण गतिविधियां तेज करने तथा चिकित्सा संस्थानों में जांच, दवाइयों और उपचार की पर्याप्त व्यवस्था रखने के निर्देश दिए। उन्होंने आशा सहयोगिनियों के प्रोत्साहन भुगतान और जननी सुरक्षा योजना की लंबित प्रोत्साहन राशि का समय पर भुगतान सुनिश्चित करने को कहा। कार्मिकों के वेतन संबंधी लंबित मामलों का भी समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए।

**मातृ स्वास्थ्य और टीकाकरण सर्वोच्च प्राथमिकता**

प्रमुख शासन सचिव ने गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण, प्रसवपूर्व जांच और उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था (एचआरपी) की समय पर पहचान एवं समुचित प्रबंधन पर जोर दिया।

उन्होंने आवश्यक जांच, उपचार और रेफरल सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा मातृ स्वास्थ्य के प्रत्येक प्रकरण की निगरानी करने के निर्देश दिए। साथ ही, पात्र बालिकाओं का एचपीवी टीकाकरण 31 अक्टूबर तक शत-प्रतिशत पूरा करने को कहा।

उन्होंने 108 एंबुलेंस और 104 जननी एक्सप्रेस सेवाओं का नियमित निरीक्षण कर उनका अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करने तथा जिला रेजिडेंसी कार्यक्रम के चिकित्सकों की सेवाएं अधिक मरीज भार वाले चिकित्सा संस्थानों में लेने के निर्देश दिए।

**टीबी नियंत्रण और चिकित्सा सुविधाओं पर भी जोर**

राठौड़ ने टीबी मुक्त भारत अभियान में युवाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए जोश (जेओएसएच) टीमों को सक्रिय करने तथा टीबी स्क्रीनिंग, जांच, निदान और उपचार में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा।

टीबी जांच के लिए उपलब्ध हैंड-हेल्ड मशीनों का शत-प्रतिशत उपयोग करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने जर्जर भवनों का उपयोग नहीं करने, मरम्मत कार्य प्राथमिकता से कराने तथा सीटी स्कैन और एमआरआई सेवाओं के जिन समझौतों का नवीनीकरण लंबित है, वहां निर्धारित अनुमति लेकर राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी (आरएमआरएस) के माध्यम से सेवाएं जारी रखने को कहा। भूमि की अनुपलब्धता से लंबित मामलों को जिला कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत कर समाधान कराने और हस्तांतरित चिकित्सा भवनों को आवश्यक संसाधनों के साथ शीघ्र क्रियाशील बनाने के निर्देश दिए।

उन्होंने अधिकारियों को सभी निर्देशों की नियमित समीक्षा कर निर्धारित लक्ष्यों को समय पर पूरा करने तथा स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, उपलब्धता और जवाबदेही सुनिश्चित करने को कहा।

- **'31 अक्टूबर तक पूरा करें एचपीवी टीकाकरण का शत प्रतिशत लक्ष्य'**

# फिजी द्वीप में जयपुर फुट शिविर से 650 दिव्यांगों को मिलेगी चलने-फिरने की क्षमता




दक्षिण प्रशांत महासागर स्थित फिजी द्वीप की राजधानी सुवा के ट्वेमे हॉस्पिटल में जयपुर फुट शिविर का उद्घाटन फिजी के चिकित्सा मंत्री डॉ. रातू एन्तोनियो राबिकी लालाबालानू, भारत के उच्चायुक्त सुनीत मेहता और भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के अध्यक्ष सतीश मेहता की उपस्थिति में हुआ।

**जयपुर** (कासं)। दक्षिण प्रशांत महासागर स्थित फिजी द्वीप में विश्वप्रसिद्ध जयपुर फुट शिविर के माध्यम से 650 दिव्यांगों का पुनर्वास कर उन्हें चलने-फिरने में सक्षम बनाया जाएगा। फिजी की राजधानी सुवा के ट्वेमे हॉस्पिटल में शिविर का उद्घाटन फिजी के चिकित्सा मंत्री डॉ. रातू एन्तोनियो राबिकी लालाबालानू, फिजी में भारत के उच्चायुक्त सुनीत मेहता और जयपुर फुट की निर्माता संस्था भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति (बीएमवीएसएस) के अध्यक्ष सतीश मेहता की उपस्थिति में हुआ। समारोह में भारतीय मूल के नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए।

उच्चायुक्त सुनीत मेहता, जो कि जोधपुर से संबंध रखते हैं, ने कहा कि फिजी के चिकित्सा मंत्री की समारोह में उपस्थिति भारत और फिजी के मैत्रीपूर्ण संबंधों को दर्शाती है।

पिछले वर्ष फिजी के प्रधानमंत्री की भारत यात्रा के दौरान फिजी में जयपुर फुट शिविर आयोजित करने का जो वचन दिया गया था, उसे भारत सरकार के विदेश मंत्रालय ने पूरा किया है। उन्होंने शिविर के आयोजन में सहयोग देने वाले बीएमवीएसएस के तकनीशियनों का भी आभार व्यक्त किया। बीएमवीएसएस के अध्यक्ष सतीश मेहता ने जयपुर फुट की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि भारत के विदेश मंत्रालय के सहयोग से अब तक 29 देशों में इस तरह के शिविर आयोजित किए जा चुके हैं। शिविर में जयपुर फुट लगवाने वाले लाभार्थियों संदीप कुमार, नेनियाना, डीसी सेनाकागी और फैनिओग फलासा ने अपने अनुभव साझा किए।

उन्होंने कहा कि जयपुर फुट मिलने से उनके जीवन में नई आशा का संचार हुआ है और अब वे नए जीवन का आनंद ले सकेंगे। उन्होंने जयपुर फुट को अपने लिए वरदान बताया। फिजी के चिकित्सा मंत्री डॉ. रातू एन्तोनियो राबिकी लालाबालानू ने शिविर के आयोजन के लिए भारत सरकार का धन्यवाद दिया।

- **भारत के विदेश मंत्रालय के सहयोग से अब तक 29 देशों में शिविर लगा चुके : सतीश मेहता**